दैनिक न्याय साक्षी



# आईपीएल क्रिकेट सट्टा और जुआ रेड की कार्यवाई एक ही दिन 18 प्रकरणों में 26 आरोपी गिरफ्तार

❑ कोतवाली, चक्रधरनगर, सारंगढ़, सरिया और खरसिया क्षेत्र में पंजाब-चेन्नई मैच में ऑनलाइन सट्टा चला रहा आरोपी गिरफ्तार

❑ 20 लाख के सट्टा हिसाब के साथ 1.15 लाख नकदी रकम, 4 टीवी, 15 मोबाइलव व रिकार्डर जब्त

**रायगढ़।** आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान सटोरिये ऑनलाइन मैच पर सट्टा लिखने की सूचनाओं पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 03.04.2022 को जिले के कई थानाक्षेत्र में जुआ-सट्टा पर कार्रवाई की गई है। एसपी मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटेल के मार्गदर्शन पर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में आईपीएल सीजन- 15 में आज 6 बड़ी कार्यवाही किया गया है – (1) गंगाराम तालाब के पास पतरापाली रायगढ़ में रहने वाले पुरुषोत्तम यादव पिता राकेश यादव उम्र 19 वर्ष से ₹5000 नगद के साथ ₹3,56,000 का सट्टा पट्टी एक टीवी, इंटेक्स मोबाइल, एक रिकॉर्डर, एक नोकिया मोबाइल, की जब्ती की गई है। (2) ढिमरापुर के पास किया गया जिसमें राजेंद्र साहू पिता मालिक राम साहू उम्र 23 वर्ष को पंजाब चेन्नई मैच के दौरान मोबाइल पर सट्टा लेते पकड़ा गया। आरोपी से नगदी ₹7000 के साथ दो नग मोबाइल एवं ₹70000 सट्टा पट्टी का हिसाब जप्त किया गया है। आरोपी से पूछताछ में जानकारी मिली कि दिल्ली मुंबई में सट्टे के कारोबार से जुड़े व्यक्तियों से आईडी लेकर उस आईडी के जरिए स्थानीय लोगों से सट्टा पट्टी लेता था। (3) इंदिरा नगर में गौरव यादव पिता पप्पू यादव उम्र 22 वर्ष निवासी इंदिरा नगर से ₹4000 एक टीवी दो मोबाइल। (4) चांदमारी पर श्रेष्ठ दास पिता राजू दास उम्र 22 वर्ष पिता चांदमारी से अट्ठारह सौ रुपए नगद एक इंटेक्स मोबाइल तथा ₹30000 का सट्टा पट्टी जब्त किया गया है आरोपी अपने आईडी से सट्टा खिला रहा था। (5) इंदिरा नगर के पास दिलीप चौहान पिता स्वर्गीय केदारनाथ चौहान उम्र 36 वर्ष निवासी कयाघाट को 4500 रुपए एक मोबाइल के साथ पकड़ा गया है। आरोपी से ₹28000 का सट्टा पट्टी की जब्ती की गई है आरोपी अपनी आईडी से सट्टा खिला रहा था। (6) केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास पप्पू चौहान पिता दाताराम चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी ढिमरापुर से ₹4000 नगद, एक मोबाइल तथा ₹350000 के सट्टा पट्टी जप्त किया गया है।



वहीं थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनव कांत के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा 2 कार्रवाई की गई है । (1) बोईरदादर में लक्ष्मी राम कुर्रे पिता समारोह कुर्रे उम्र 36 वर्ष निवासी पूछापारा रायगढ़ को पंजाब चेन्नई के मैच में ऑनलाइन सट्टा लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से नगद ₹7000 तथा 2 मोबाइल एवं ₹103000 सट्टा पट्टी का हिसाब जप्त किया गया है। (2) विशाल गुप्ता पिता रामदेव गुप्ता उम्र 21 साल निवासी आईटीआई कॉलोनी अंबेडकर आवास थाना चक्रधरनगर से रकम 5000 पांच हजार, 2 नग मोबाइल, सट्टा पट्टी 2,68,600 रूपये का जप्त।

टीआई सारंगढ़ विवेक पाटले के नेतृत्व में सारंगढ़ टीम द्वारा रेंजर पारा सारंगढ़ में सिया राम चौहान पिता तुलसीराम चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी रेंजर पारा वार्ड क्रमांक 15 को मैच पर ऑनलाइन सट्टा लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ₹8000 नगदी के साथ ₹1,00,000 का सट्टा पट्टी, 1 मोबाइल तथा एक टीवी की जब्ती की गई है।

इसी कड़ी में खरसिया टीआई एस.आर साहू द्वारा आज तीन कार्रवाई क्रिकेट सट्टा पर किया गया है। (1) आयुष अग्रवाल उर्फ़ राहुल पिता कैलाश अग्रवाल उम्र 27 वर्ष मौहापाली रोड खरसिया (2) अमित अग्रवाल पिता अनुप अग्रवाल उम्र 26 वर्ष स्टेशन रोड खरसिया (3) अग्रवाल पिता गजानंद अग्रवाल उम्र 36 वर्ष रायगढ़ चौक खरसिया से कुल 3 नग मोबाइल फोन, 37 हजार रुपये , 2 नग डायरी, 1 टीवी एवं 6 लाख की सट्टा-पट्टी की जप्ती की गई है।

थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल द्वारा आरोपी शिव कुमार चौहान पिता कलप राम चौहान उम्र 37 वर्ष निवासी बोंदा थाना सरिया को 3750 रूपये नकद एवं 4000 रूपये के पट्टी के साथ पकड़ा गया है। इसी प्रकार छाल थाना क्षेत्र में 02 आरोपियों को सट्टा पट्टी, नकदी रकम 3,200 रूपये के साथ पकड़ा गया। जूटमिल पुलिस द्वारा जुआ रेड कार्रवाई में 8 व्यक्तियों से 22380 रूपये, कोतरारोड़ पुलिस द्वारा जुआ कार्रवाई में 3 जुआरियों से 2490 रूपये की जप्ती की गई है। रात तक की कार्रवाई 26 व्यक्तियों से 1,15,120 रूपये की जप्ती कर कार्रवाई की गई है। अन्य क्षेत्रों में भी जुआ-सट्टा की कार्रवाई जारी है ।

## मोबाईल ओटीपी पूछकर अंजान ब्यक्ति ने की 1 लाख की ऑनलाइन ठगी

❑ पुलिस चौकी जूटमिल में अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 02.03.2022 को पुलिस चौकी जूटमिल में ग्राम बनसियां में रहने वाला रामरतन चौधरी पिता स्व. खुशीराम चौधरी (50 साल) आकर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करने के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया। रिपोर्टकर्ता बताया कि इसका पटेलपाली पंजाब नेशनल बैंक में बैंक खाता है। दिनांक 25.08.2020 को दोपहर करीब 1:00 बजे अंजान व्यक्ति का मोबाईल में कॉल आया जो स्टेट बैंक का बैंक मैनेजर बोल रहा हूं कहकर बोला कि तुम्हारा एटीएम कार्ड बंद हो गया है जिसे पुन: चालू कर 01 लाख रूपया का एक्सीडेंटल बीमा भी कर दूंगा बोला जिसके झांसे में आकर रामरतन चौधरी अंजान व्यक्ति को अपना आधार नंबर, एटीएम कार्ड नं., खाता नं., उसका पासवर्ड बता दिया। कुछ देर बाद रामरतन चौधरी के खाते से 3 बार में कुल 75,000 रू. निकलने का मोबाइल पर मैसेज आया। रिपोर्टकर्ता रामरतन चौधरी के लिखित आवेदन पर पुलिस चौकी जूटमिल में धारा 420 IPC एवं 66(C) IT Act के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



## उधार दिए रूपये मांगने गई बालिका से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

❑ बरमकेला पुलिस ने आरोपी को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** दिनांक 02.04.2022 के शाम थाना बरमकेला में बालिका अपने परिजनों के साथ थाना आकर थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल को परिजनों के समक्ष बताई की कि गांव के कुशल मानिकपुरी को इसकी मां पूर्व में जमानत कराने के लिये रूपये उधार दी थी जिसे माता पिता के कहने पर कुशल मानिकपुरी के घर मांगने दोपहर करीब 12.00 बजे गई थी। कुशल मानिकपुरी घर में मिला जिसे मां के द्वारा दी गई पैसा को मांगी तो कुशल मानिकपुरी अकेली पाकर बुरी नियत से हाथ को पकड लिया और छेडखानी करने लगा। घर अंदर खिचकर ले जाने लगा। उसकी नियत समझ कर किसी तरह छुडाकर चिल्लाते भागकर वापस आई अपने माता, पिता और गांव के कोटवार और घर आसपास के अन्य लोगों को बताई। TI एल पी पटेल द्वारा बालिका का महिला उपनिरीक्षक संतरा चौहान के समक्ष एफ आई आर दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर थाना बरमकेला में धारा 354, 509 IPC एवं 8, 12 Pocso Act का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी के अन्यत्र फरार होने की संभावना को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी थाने के प्रधान आरक्षक शंभु पाण्डेय, आरक्षक नंदु चौहान के साथ आरोपी पतासाजी में रवाना होकर आरोपी कुशल मानिकपुरी (उम्र 25 वर्ष) निवासी बरमकेला को गिरफ्तार किया भेजा गया है। पूछताछ में आरोपी बताया कि इसका निकटतम परिचित अवैध शराब के मामले में पकड़े जाने पर उसके जमानत के लिए बालिका की मां से रुपए लेकर दिया था। इसी रुपए को मांगने बालिका आई थी ।



इसके पहले भी थाना बरमकेला में दर्ज महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, इसी क्रम में छेड़खानी के आरोपी कुशल मानिकपुरी को गिरफ्तार कर अपराध के 24 घंटे के भीतर रिमांड पर पेश किया गया है।

## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत, बरमकेला पुलिस जुटी जांच में

**रायगढ़।** दिनांक 03/04/2022 के दोपहर करीब 12:00 बजे थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल को सूचना मिली कि सारंगढ़-बरमकेला मार्ग जंगल भीतर कोनी मोड पर एक ट्रक, मोटर सायकल को ठोंकर मार दिया है जिससे मोटर सायकल में सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायम हो गये हैं। थाना प्रभारी बरमकेला तत्काल अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर दुर्घटना कारित ट्रक क्रमांक OD-16-H/9805 खड़ी थी, जिसका चालक दुर्घटना कारित कर ट्रक वहीं खड़ी कर फरार हो गया था। बरमकेला पुलिस द्वारा तीनों युवकों को सीएचसी बरमकेला लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा तीनों को फौत होना बताया गया है। बरमकेला पुलिस द्वारा ट्रक को थाना लाया गया एवं शवों की शव पंचनामा, मर्ग जांच कार्यवाही में लिया गया। मृतकों की पहचान नीलांबर बरिहा पिता बोधीराम बरिहा उम्र 26 साल निवासी ग्राम मल्दा थाना सारंगढ़, दीनबंधु बरिहा पिता डोकरा बरिहा उम्र 30 वर्ष निवासी माल्दा सारंगढ़ एवं चंद्रसेन चौहान पिता स्वर्गीय श्याम चौहान उम्र 35 वर्ष निवासी सराईपाली के रूप में हुई है। मृतकों के संबंध में जानकारी मिली है कि वे तीनों बरमकेला से अपने घर मल्दा बाइक पर जा रहे थे तथा ट्रक का चालक सारंगढ़ से खाली ट्रक लेकर बरमकेला की ओर ला रहा था। बरमकेला पुलिस द्वारा ट्रक क्रमांक OD-16-H/9805 के चालक पर धारा 304-A IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहन चालक की पतासाजी किया जा रहा है।




## मानदेय और विकास निधि वृद्धि की सौगात पर नगरीय निकाय पदाधिकारियों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**रायपुर।** मानदेय और विकास निधि वृद्धि की सौगात पर नगरीय निकाय पदाधिकारियों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में प्रदेश भर से आए नगरीय निकाय पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाक़ात की। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने मुख्यमंत्री बघेल द्वारा नगरीय निकायों के पदाधिकारियों के मानदेय में दोगुना वृद्धी, नगरीय निकायों को विकास के लिए 579 करोड़ की राशि तथा महापौर, अध्यक्ष व पार्षद निधि में डेढ़ गुना बढोत्तरी की घोषणा पर उनका आभार जताया।



प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश भर के नगर निगमों के महापौर व सभापति तथा नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षगण शामिल हुए। नगरीय निकाय पदाधिकारियों ने भूपेश है तो भरोसा है कि नारों के साथ गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री बघेल का सम्मान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इन घोषणाओं से प्रदेश भर के नगरीय निकाय पार्षदों और अन्य पदाधिकारियों में हर्ष की लहर है। वे दोगुने उत्साह और मनोबल से जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। जनसुविधाओं में बढोत्तरी के कार्यों को गति मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले दिनों राज्य के सभी नगर निगम के महापौर, सभापति, नगर पालिका के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सभी पार्षदों का मानदेय तथा वित्तीय शक्ति को बढ़ाकर दोगुना किए जाने की घोषणा के साथ ही महापौर, अध्यक्ष और पार्षद निधि की राशि को बढ़ाकर डेढ़ गुना किए जाने का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के सभी नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास एवं जनसुविधा के कार्यों के लिए 579 करोड़ रूपए दिए जाने की घोषणा की थी, जिसके तहत नगर निगमों को 10-10 करोड़, नगर पालिकाओं को 5-5 करोड़ तथा नगर पचायतों को 3-3 करोड़ रूपए विकास कार्यों के लिए मिलेंगे। रायपुर नगर निगम के महापौर ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि पहली बार नगरीय निकाय पदाधिकारियों का मानदेय और विकास निधि एक साथ बढ़ाई गई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि जल्द ही राजधानी रायपुर में एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमे प्रदेश भर से नगरीय निकाय पदाधिकारी जुटेंगे। राजनांदगांव महापौर श्रीमती हेमा देशमुख कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने सकारात्मक फैसले लेते हुए सम्मानजनक विकास निधि राशि दी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पट्टाधारियों को भूमिस्वामी हक प्रदाय करने के संबंध में 7 अप्रैल को मेगा कैंप

**रायगढ़ ।** राजीव गांधी आश्रय योजना / मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत् पट्टाधारियों को भूमिस्वामी हक प्रदाय करने के संबंध में दिनांक 07 अप्रैल 2022 दिन गुरुवार, समय प्रातः 11:00 बजे से स्थान आडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में एक दिवसीय शिविर / मेगा कैम्प आयोजित है, जिसमें पट्टाधारी/ हितग्राही शिविर में ही पट्टे की छायाप्रति व आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं। उक्त शिविर में हितग्राहियों को लोन प्रदाय करने में सहयोग हेतु बैंक के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है की शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राजीव गांधी आश्रय योजना / मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत प्रदत्त पट्टे की भूमि का वर्तमान कब्जे के आधार पर पटटेदार राज्य शासन से भूमि स्वामी हक प्राप्त करना चाहता है तो वर्तमान गाईड लाईन पर निर्धारित बाजार मूल्य की 20+2% राशि देय होगी यदि पट्टेदार ने अन्य को भूमि अतरित कर दिया है, तो उक्त कब्जेदार को वर्तमान गाईड लाईन दर पर निर्धारित बाजार मूल्य के 40+2% राशि जमा करना होगा।

### नवरात्र के प्रथम दिवस बेटी बचाओ मंच ने नवजात कन्याओं का किया सम्मान

**रायपुर (आरएनएस)।** बेटी बचाओ मंच ने विप्र नगर रायपुरा में कृष्णा तथा सरिता साहू के यहां कन्या रत्न प्राप्ति अवसर को कन्या जन्म उत्सव के रूप में मनाया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मि1श्रा, विप्र नगर अध्यक्ष शशि यादव, नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, मुन्नी साहू, श्याम बाई, ललिता साहू ,जानकी साहू तथा सरोज साहू ने उनके निवास में जाकर माता को बेटी गौरव सम्मान, पिता को बेटी संरक्षण सम्मान से सम्मानित किया । वहीं नवकन्या को दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा सहित पदाधिकारियों ने बेबी किड्स , मिठाई, फल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। संचालन रश्मि कश्यप ,नमिता डडसेना तथा आभार शशि यादव ने किया।

### पुलिस कप्तान के निर्देश में जिले के समस्त थाना प्रभारियों ने की बैंकों की चेकिंग

**गरियाबंद (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक जेआर.ठाकुर के द्वारा बैंको की सुरक्षा के दृष्टि से समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के बैंको को चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में थाना प्रभारी गरियाबंद निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक,एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया,एच.डी.एफ.सी बैंक,बैंक ऑफ बडौदा, पंजाब नेशनल बैंक,छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक,यूनियन बैंक चेकिंग किया गया।थाना राजिम प्रभारी निरीक्षक संतोष भुआर्य के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक,बैंक ऑफ बडौदा,केनरा बैंक,एच.डी.एफ.सी बैंक,बैंक ऑफ इण्डिया,छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक,आईडीबीआई बैंक,एक्सिस बैंक,आईडीएफसी फस्ट बैंक को चेकिंग किया गया।थाना प्रभारी फिंगेश्वर निरीक्षक राजेश जगत के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक चेकिंग किया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस एवं सउनि. छबिल लाल टाण्डेकर के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक,छग राज्य ग्रामीण बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा,पंजाब नेशनल बैंक चेकिंग किया गया।थाना प्रभारी पाण्डुका उप निरीक्षक भूषण चंद्राकर के द्वारा छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक चेकिंग किये।

## पार्षद संजना शर्मा का निधन कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षति : अनिल शुक्ला

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस भवन में वार्ड नं 27 की कांग्रेस पार्षद संजना शर्मा के निधन पर जिला कांग्रेस भवन में श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुवात में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला एवम प्रभारी महामंत्री शाखा यादव के द्वारा स्व संजना शर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात सभी कांग्रेसियों द्वारा बारी बारी पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि एवम स्व संजना शर्मा की मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया।




श्रंद्धाजलि सभा को संबोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि संजना शर्मा कांग्रेस पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता के साथ अपने वार्ड की लड़ाई लडऩे वाली एक मजबूत पार्षद थी संजना शर्मा का यू हम सबको छोडक़र चले जाना बहुत दु:खद है एवम कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षती है अंत मे हम सब भगवान से प्रार्थना करते है कि भगवान संजना शर्मा की आत्मा को अपने चरणों मे स्थान दे एवम उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

आज की श्रंद्धाजलि सभा मे मुख्यरूप से महापौर जानकी अमृत काटजू, उपेन्द्र सिह, स्नेहलता शर्मा, रानी चौहान, असरफ खान, विकास ठेठवार, मदन महंत, दयाराम धुर्वे, सत्यप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र पाण्डेय, राजेश शुक्ला, राकेश पाण्डेय, वसीम खान, सयुक्ता सिह, विकास बोहिदार, शेख ताजीम, गणेश घोरे, सौरभ अग्रवाल, रितेश शर्मा, अनुराग गुप्ता, गौतम अधिकारी, गोरेलाल बरेठ, विनोद कपूर, अमृत काटजू, रेखा वैष्णव, अरुणा चौहान, वीनू सिह, सुगंधा वैदय, किरण बरेठ, उर्मिला लकड़ा, शारदा सिह गहलोत, श्रेयस शर्मा, सोनू पुरोहित, आदि कांग्रेसी उपस्तिथ थे।

## वनांचल में आदिवासियों को दिए जा रहे हैं व्यक्तिगत और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार

### आदिवासियों को जमीनी हक दिलाने का किया जा रहा है लगातार प्रयास : मुख्यमंत्री

❑ आदिवासियों के विरुद्ध दर्ज 1242 प्रकरण वापस

❑ सिरहा, बैगा, गुनिया को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए सम्मान राशि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर प्रवास के दौरान रविवार को आदिवासी समाज के प्रमुखों से आदिवासी वर्ग हेतु संचालित योजनाओं एवं भविष्य के रणनीति पर सार्थक चर्चा की। मुख्यमंत्री द्वारा आदिवासी वर्ग के समाज प्रमुखों से उनके समाज के कल्याण से जुड़ी समस्याओं को स्थानीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को अवगत कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों को प्राथमिकता एवं गंभीरता के साथ समस्या के निराकरण करने हेतु निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि स्थानीय आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य हेतु ग्राम आसना में स्थापित किये गये ''बस्तर अकादमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिट्रेचर'' के संचालन में समाज प्रमुखों की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा आदिवासी वर्ग के कल्याण हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में आदिवासियों के विरुद्ध दर्ज 1242 प्रकरणों को वापस किया गया है। आदिवासियों को जमीनी हक दिलाने हेतु 4 लाख 45 हजार 865 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वनअधिकार पत्र, 45 हजार 764 सामुदायिक वन अधिकार पत्र तथा 3 हजार 528 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व में निरस्त किये गये व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के आवेदनों को पुनर्विचार में लेते हुए पात्र पाये गये 31 हजार 243 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वनअधिकार पत्र प्रदाय किया गया है। व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों में से 2 लाख 41 हजार 274 हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित किसान सम्मान निधि प्राप्त हुई है। शासन द्वारा स्वरोजगार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। बस्तर संभाग के आदिवासी महिलाओं द्वारा शासन की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर है। जिला-बस्तर के दरभा विकासखंड में महिलाओं के द्वारा पपीता एवं कॉफी उत्पादन, दंतेवाड़ा जिले में डेनेक्स के माध्यम से कपड़ा उत्पादन एवं कोंडागांव जिले में उत्पादित किये जा रहे तिखुर शेक की देश-विदेश के बाजारों में लगातार मांग इसका उदाहरण है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480